RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 अंक : 154 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 26 मई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# देश में आग से बड़ा हादसा: 7 नवजातों समेत 37 की मौत

## राजकोट में आग से 27 लोगों की मौत

## दिल्ली में 7 नवजातों समेत 10 की मौत

### ● मृतकों की पहचान के लिए रिश्तेदारों के डीएनए नमूने लिए गए

राजकोट (एजेंसी)। गुजरात के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी भीषण आग के कारण 12 बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद 'गेम जोन' के मालिक और प्रबंधक को हिरासत में ले लिया गया है। सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अब बताया जा रहा कि एसआईटी के सदस्यों ने आग लगने की घटना के सिलसिले में स्थानीय प्रशासन के साथ रविवार तड़के एक बैठक की।

एक अधिकारी ने बताया कि शव इतनी बुरी तरह झुलस गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि शवों और मृतकों के रिश्तेदारों के डीएनए नमूने एकत्र कर लिए गए हैं ताकि मृतकों की पहचान की जा सके।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनायक पटेल ने बताया कि घटनास्थल से 27 शव बरामद किए गए हैं और उन्हें शहर के सिविल अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा, शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है और हमने शवों और उन पर दावा करने वाले रिश्तेदारों के डीएनए नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है, ताकि मृतकों की पहचान की जा सके। मरने वालों की संख्या और बढ़ने की संभावना नहीं है।

एसआईटी के प्रमुख और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुभाष त्रिवेदी ने बैठक से पहले शनिवार रात पत्रकारों को बताया कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। उन्होंने कहा कि जांच तुरंत शुरू की जाएगी ताकि इसके लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाया जा सके और सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोबारा न हो। उन्होंने कहा, हम घटना के सभी पहलुओं की जांच करेंगे और उनकी विस्तृत जांच करेंगे। हम जान गंवाने वाले बच्चों को न्याय दिलाने के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे।



### मृतकों में 12 साल से कम उम्र के 12 बच्चे शामिल

राजकोट के टीआरपी 'गेम जोन' में भीषण आग लगने से 12 साल की कम आयु के 12 बच्चों समेत कुल 27 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। राजकोट में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) राधिका भराई ने बताया था कि 27 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। शव पूरी तरह से जल चुके हैं। ऐसे में उनकी पहचान करना मुश्किल है। एसीपी विनायक पटेल ने बताया था कि मृतकों में 12 साल से कम उम्र के कम से कम 12 बच्चे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक स्कूलों में छुट्टी होने के कारण टीआरपी गेम जोन में बड़ी संख्या में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ मस्ती करने पहुंचे थे।

### गुजरात हाई कोर्ट पहुंचा अग्निकांड मामला, कल होगी सुनवाई

राजकोट अग्निकांड मामला अब गुजरात हाई कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले पर कल यानी सोमवार को गुजरात उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय कल राज्य के गेम जोन पर निर्देश जारी कर सकता है।

### 1000 लीटर पेट्रोल, 2000 लीटर डीजल ऊपर चल रहा था वेल्डिंग का काम

शुरुआती जांच में पता चला है कि इस गेमिंग जोन के पास किसी भी प्रकार का लाइसेंस नहीं था। फायर सेफ्टी के लिए किसी भी प्रकार की एनओसी लिए बिना ही गेम जोन चल रहा था। यह भी पता चला है कि इस गेमिंग जोन में करीब 1000 से 1500 लीटर पेट्रोल 1500 से 2000 लीटर डीजल रखा गया था।

### सीएम ने अस्पताल का किया दौरा

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की तरफ से आग की घटना पर नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, आज सुबह उन्होंने गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी के साथ नाना-मावा रोड पर घटनास्थल का दौरा किया। साथ ही घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे।

### 72 घंटे के भीतर सौंपे रिपोर्ट

इस हादसे की जांच के लिए पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया। उसे पूरे मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया। इसके अलावा एसआईटी को 72 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपनी होगी। इसके लिए टीम शनिवार देर रात राजकोट पहुंची और स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी भी शनिवार देर रात राजकोट पहुंचे और बैठक में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से घटना की जानकारी मांगी है और दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### मालिक-मैनेजर सहित 10 गिरफ्तार

राज्य सरकार ने इस घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है. वहीं राजकोट क्राइम ब्रांच ने इस मामले में करीब 10 लोगों को हिरासत में लिया है. इसमें गेम जोन के तीनों मालिक युवराज सिंह सोलंकी और दो मैनेजर यज्ञेश पाठक और नितिन जैन शामिल हैं।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस हादसे के बाद राज्य के सारे गेमिंग जोन्स को बंद करने का आदेश दिया है. उन्होंने कहा कि आदेश का पालन राज्य की सभी महानगरपालिका नगर पालिका, फायर ऑफिसर लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और पुलिस को साथ मिलकर करना होगा। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से मृतक के परिवारों को चार लाख और घायलों को 50,000 रुपये के मुआवजे की घोषणा की गई।

### काल बनकर आई शनिवार की रात आग में जल गए सात शिशु




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान के बाद जब लोग चिलचिलाती गर्मी में मतदान करने के बाद रात में जब अपने घरों में आराम कर रहे थे। तभी पूर्वी दिल्ली के दो अलग-अलग इलाकों में भीषण आग की एक के बाद एक दो घटनाएं सामने आई।

सबसे पहले विवेक विहार स्थित दो मंजिला बेबी डे केयर सेंटर में आग लगी। जिसमें सात नवजात झुलस गए बाद में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। इसमें बाकी अन्य शिशु घायल हो गए। जिनका इलाज जारी है।

दूसरी घटना कृष्णा नगर से सामने आई। यहां पर एक चार मंजिला मकान में आग लग गई। हादसे में दो महिला समेत तीन की मौत हो गई। दस लोगों को दमकल ने सुरक्षित बचा लिया। जिन्हें बाद में डॉक्टर हेडगेवार अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान प्रमिला 60 साल, केशव शर्मा 30 साल और अंजू शर्मा 40 साल के रूप में हुई है।

दमकल विभाग की टीम ने बताया कि पार्किंग में लगे मीटर के बोर्ड में आग लगी थी। जिसके बाद पार्किंग में खड़े 10 वाहनों में आग फैल गई। देखते ही देखते आग ऊपरी मंजिलों पर फैल गई।

केयर सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से आग ने विकराल रूप ले लिया। सिलेंडर केयर सेंटर से दूर-दूर जाकर गिरे। लोगों को लगा कि भूकंप आ गया है। केयर सेंटर के दो रास्ते हैं। पिछले रास्ते की खिड़की को तोड़कर नवजातों को बाहर निकाला गया। एम्बुलेंस से नर्सिंग होम में भर्ती करवाया। सभी बच्चे केयर सेंटर में ऑक्सीजन सपोर्ट में थे। पुलिस उनके अभिभावकों का पता लगा रही है।

---

#### पीएम मोदी ने मिर्जापुर में विपक्ष पर जमकर साधा निशाना, बोले-

## 'पूर्वांचल को माफिया का ठिकाना बनाया था सपा'

मिर्जापुर (एजेंसी)। सातवें चरण के मतदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मिर्जापुर के बरकछा में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मंच से विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि हमारे देश का पवित्र संविधान भी इनके (गठबंधन) निशाने पर है। ये एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण लूटना चाहते हैं। हमारा संविधान साफ-साफ कहता है, धर्म के आधार आरक्षण हो ही नहीं सकता।

मोदी ने कहा कि कानून व्यवस्था और समाजवादी पार्टी का छत्तीस का आंकड़ा है। जो आतंकी पकड़े जाते थे, उनको भी ये सपा वाले छोड़ देते थे। जो पुलिस अफसर इसमें आनाकानी करता था, सपा सरकार उसे सस्पेंड कर देती थी। इन्होंने पूरे यूपी को, पूर्वांचल को माफिया का सुरक्षित ठिकाना बना दिया था।



जीवन हो या जमीन, कब छिन जाए कोई नहीं जानता था और सपा सरकार में माफिया को भी वोटबैंक के हिसाब से देखा जाता था।


प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा पर अपना वोट कोई बर्बाद करना नहीं चाहता। हमारे उत्तर प्रदेश के लोग राजनीति को समझने में बड़े माहिर हैं। कोई समझदार कभी भी डूबती कंपनी का शेयर खरीदेगा क्या? जो डूब रहे हैं उसको कोई वोट देगा क्या? पता है कि इनका डूबना तय है तो कौन वोट डालने की गलती करेगा? सामान्य मानवी वोट उसी को डालेगा जिसकी सरकार बनना तय है...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2012 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय समाजवादी पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया था। तब सपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा था, जैसे दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिला है, वैसे ही मुसलमानों को भी आरक्षण दिया जाएगा। सपा ने कहा था, वो इसके लिए संविधान तक बदल देगी... सपा ने घोषणा की थी कि पुलिस और पीएसी में भी 15 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दिया जाएगा। ये लोग अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए किस तरह SC, ST, OBC का हक छीनने पर तुले हुए थे।

## कानून की पढ़ाई करने वाली छात्रा से छेड़छाड़

नोएडा (चेतना मंच)। कोतवाली सेक्टर-126 क्षेत्र स्थित एक कॉलेज से कानून की पढ़ाई करने वाली दिल्ली की युवती से छेड़छाड़ और अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप पूर्व के परिचित दोस्त और उसके साथी पर है। करीब दो माह से घटना को दबाकर बैठी पीड़िता ने हत्या की धमकी मिलने के बाद दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मूलरूप से दिल्ली के द्वारका की युवती ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि वह वर्तमान में सेक्टर-125 स्थित एक कॉलेज से बीएएलएलबी की पढ़ाई कर रही हैं। क्षेत्र के एक पीजी में रहती हैं। करीब एक वर्ष पूर्व 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद कोचिंग के दौरान उनकी



मुलाकात गुरुग्राम के हर्ष कटारिया से हुई। दोनों फोन पर बात करने और मिलने लगे।

आरोप है कि हर्ष कटारिया के आचरण के बारे में जानकारी होने पर शिकायतकर्ता ने उससे संपर्क तोड़ लिया। इसके बाद आरोपित पीछा करते हुए परेशान करने लगा। पीड़िता का कहना है कि 1 अप्रैल को वह पीछा करते हुए कॉलेज तक आ गया। उसने छेड़छाड़ की और जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाने का प्रयास किया।

उसके दोस्त हैप्पी चौहान ने पीड़िता को गाड़ी के भीतर धकेलने का प्रयास किया। किसी तरह पीड़िता आरोपितों के चंगुल से बची। आरोप है कि जब उसने आरोपित से किसी भी तरह के संबंध रखने से इन्कार कर दिया तो 22 मई को फोन करके आरोपित ने हत्या की धमकी दी।

पीड़िता का दावा है कि धमकी की रिकार्डिंग भी उसके पास है। यही नहीं उसका दोस्त हैप्पी चौहान भी लगातार धमकी दे रहा है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

---

## डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, एक की मौत

नोएडा। कोतवाली सेक्टर-126 क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर सुलभ शौचालय के निकट शनिवार देर रात डिवाइडर से टकराकर महिंद्रा एक्सयूवी पलट गई। इस हादसे में घायल तीन लोगों में से एक ने आज सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब दो बजे दिल्ली साउथ एक्सटेंशन के नितिन उर्फ बबलू, आशीष व दिल्ली कनॉट प्लेस के बॉबी ग्रे रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 500 में सवार होकर कहीं जा रहे थे।

जैसे ही वह एक्सप्रेस-वे पर




सुलभ शौचालय के पास पहुंचे तो एक्सयूवी से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और ग्रीन बेल्ट में पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक्सयूवी को सीधा किया और घायलों को सेक्टर-137 स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

उपचार के दौरान आज सुबह नितिन ने दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल आशीष व बॉबी को दिल्ली में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के स्वजन को सूचना दे दी है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## अमित शाह की जन आर्शीवाद रैली में शामिल हुए डा. महेश शर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर के सांसद व पूर्व मंत्री डा. महेश शर्मा कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज एवं सुधीर शर्मा के समर्थन में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में सम्मिलित हुए।

गृहमंत्री अमित शाह ने कांगडा में आयोजित जन आर्शीवाद रैली में सबसे पहले चामुंडा देवी, ज्वालामुखी माता बैजनाथ जी लक्ष्मी नारायण मंदिर बगलामुखी मंदिर कुणाल, हिंदू नाथ मंदिर को प्रणाम किया और संबोधन शुरुआत किया। आपको पता है कि मोदी जी प्रधानमंत्री रहते हुए दीपावली की भी छुट्टी लिए बगैर सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाने का काम और दूसरी और राहुल बाबा हैं जो थोड़ी गर्मी बढ़ते ही देश के बाहर छुट्टी करने चले जाते हैं। अब आप





ही बताइये कि देश का प्रधानमंत्री किसको बनाना चाहते है।

श्री शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने हिमाचल के विकास के लिए 3200 करोड़ रूपया दिया। उसको भी गबन करने का काम कांग्रेस के मुख्यमंत्री और उनके साथियों ने किया। देश में सबसे ज्यादा सेना के जवान हिमाचल से आते है, देश की सुरक्षा को लेकर इंदिरा गांधी ने वन रैंक-वन पेंशन देने का वादा किया था परन्तु मोदी ने 2015 में वन रैंक-पेंशन देकर देश के जवानों के हित में फैसला किया। हिमाचल को कांग्रेस पार्टी वालो ने एटीएम बनाया जब भी किसी भी राज्य में चुनाव आता है कार्ड डालकर हिमाचल से पैसे ले लिया जाता है और चुनाव लड़ते है।

उन्होंने तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए कांगडा लोकसभा क्षेत्र से डा. राजीव भारद्वाज एवं सुधीर शर्मा को भारी मतों से विजय बनाने के लिए कमल के सामने वाला बटन दबाकर वोट करें और मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिन्दल, कांगडा लोकसभा प्रत्याशी डा. राजीव भारद्वाज, धर्मशला उप चुनाव प्रत्याशी सुधीर शर्मा, विधायक विपिन परमार हिमाचल जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, विधायक पवन काजल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित ठाकुर जी (संगठन महामंत्री) लोकसभा कांगड़ा एवं हजारों की संख्या में कांगडा के नागरिक उपस्थित रहे।